वर्क आर्डर जारी हो चुके काम शुरू नहीं होने पर ठेकेदार की पेनल्टी काटें : कल्ला

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने सोमवार को नगर विकास न्यास, नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला परिषद, जलदाय, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में डॉ कल्ला ने कहा कि ऐसे समस्त कार्य जिनके वर्क आर्डर जारी किए जा चुके हैं वे तत्काल प्रभाव से शुरू होने चाहिए। यदि ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया है तो संबंधित अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करें और पेनल्टी काटें। सभी स्वीकृत कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू हों ताकि इनके समय पर पूरा होने से आमजन को लाभ मिल सकें।

डॉ कल्ला ने बीकानेर शहरी वृहद पुनर्गठित जलप्रदाय योजना में अब तक हुए कार्य की भी समीक्षा की और बकाया कार्य को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए। कल्ला ने कहा कि पानी की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या नहीं है। शहर में पेयजल आपूर्ति की समस्या नहीं होनी चाहिए। आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु कंट्रोल रूम नियमित काम करें तथा समस्या का समय पर समुचित समाधान करें।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि शहर की जिन सड़कों के कार्य स्वीकृत किए गए हैं उन्हें तत्काल प्रारंभ करवाएं और यदि सड़कों की गुणवत्ता के साथ खामी पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। डॉ कल्ला ने जिला परिषद के कार्यों का भी रिव्यू किया।

शिक्षा मंत्री डॉ बी. डी. कल्ला ने बीकानेर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि नगर विकास न्यास और नगर निगम 30 सितम्बर तक प्राप्त होने वाले पट्टों के आवेदन प्राथमिकता से निस्तारित करें। धर्म स्थानों के पट्टों के आवेदन पर भी नियमानुसार कार्रवाई हो। गरीब और वंचित वर्ग को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सुजानदेसर में निर्माणाधीन पंपिंग स्टेशन के कार्य को प्राथमिकता से पूरा करवाने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीवरेज की समस्या गंभीर है, बंगला नगर में कई स्थानों पर सीवरेज कार्य रूके होने की शिकायत प्राप्त हुई है। ठेकेदारों को सक्रिय करें और गंभीरता से लेते हुए कार्य पूर्ण करवाए जाएं। उन्होंने पब्लिक हेल्थ साइंस कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की बैठक में जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शिक्षा मंत्री को विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी दी।

इससे पूर्व आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की और बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप स्कीम्स और 20 सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत आवंटित किए गए वार्षिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कार्य में तेजी लाई जाए। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के., अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) जगदीश गौड़, नगर विकास न्यास नगर निगम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

भाटी ने किया उद्घाटन : ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने झझू की महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में डीएमएफटी मद से 40 लाख रुपये की लागत से बने 5 कक्षा-कक्षों का उद्घाटन किया। इसके अलावा विद्यालय में पंचायत समिति मद से

- **शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने की विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा**
- **स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए**

15 लाख रुपए खर्च कर बनाए गए टीनशैड का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि कोलायत ब्लॉक का महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल सबसे पहले झझू में खोला गया था।

उन्होंने कहा कि गरीब,मजदूर, पिछड़े और किसान के बच्चे अब अंग्रेजी माधयम की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले बच्चे प्राइवेट स्कूलों में ही अंग्रेजी की शिक्षा ग्रहण कर पा रहे थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निर्धन एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की शुरूआत राज्य में की है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का शिक्षा का स्तर बढ़ेगा।

इस अवसर पर शाला के प्रिंसिपल प्रवीण कुमार स्वामी, झंवरलाल सेठिया, सरपंच घमूराम नायक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोलायत कैलाश बडगुजर अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

गणेश जन्मोत्सव पर 108 मंदिरों में सामूहिक पूजन

बीकानेर,(कासं)। भारतीय संस्कृति एवं सनातन सार्वभोम महासभा विप्र महासभा ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन की ओर से आहुत 11 वें चातुर्मास पूजन अनुष्ठान के अंर्तगत गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर को गढ़ गणेश मंदिर लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर बड़ा बाजार बीकानेर के प्रांगण में गणेश जन्मोत्सव का दिव्य अनुष्ठान होगा।

प्रभारी लीलाधर आसोपा ने बताया कि आज सुबह 10.15 बजे विशेष पूजन शुरू होगा। पूजन अभिषेक गणेश कथा के बाद सवा मण मोदक का भोग भगवान भगवान गणेश को अर्पित कर महाआरती होगी। सवा मण मोदक का दिव्य प्रसाद सवा लाख मंत्रों से अभिमंत्रित तस्वीरों के साथ सभी को वितरित किया जायेगा। गणेश जन्मोत्सव पर जिले/शहर के 108 गणेश मन्दिरों में पूजन, मोदक का भोग क्षेत्रवासियों द्वारा अपने निवास स्थान के पास स्थित गणेश मंदिर में प्रातः 7.00 बजे से लगाया जायेगा तथा प्रसाद वितरित किया जायेगा।

सह प्रभारी शंकर लाल जोशी ने बताया कि भगवान गणेश के जन्मोत्सव पर 108 गणेश मन्दिरों में सामूहिक पूजन अनुष्ठान की लिस्ट जारी की गई जिसमें शहर के परकोटे कॉलोनियों के 97 मंदिरों तहसीलों के 11 मन्दिरों सहित कुल 108 मन्दिरों को शामिल किया गया। इन मन्दिरों में उस क्षेत्र के सनातन श्रद्धालुओं के द्वारा मोदक माला अर्पित करते हुए पूजन किया जायेगा। दाधीच ने कहा कि सनातन संस्कृति के हर उत्सव को सामूहिक रूप दिया जायेगा। जिससे पारस्परिक सहयोग के साथ युवा पीढ़ी में सनातन धर्म के प्रति भाव बढ़ेगा।

सार-समाचार

सार्वजनिक वाचनालय का लोकार्पण

कोडमदेसर नाट्य कला संस्थान में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने सार्वजनिक वाचनालय का लोकार्पण किया।

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रता और कठिन परिश्रम से विद्यार्थी अपने भविष्य निर्माण के साथ राष्ट्र विकास में योगदान दें। डॉ कल्ला ने नथानियों की सराय में स्थित कोडमदेसर नाट्य कला संस्थान में नवनिर्मित सार्वजनिक वाचनालय के लोकार्पण अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी एकाग्र हो तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इसी क्रम में क्षेत्र के विद्यार्थियों तथा आमजन के पाठन व्यवस्था के लिए वाचनालय का निर्माण करवाया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा समय अध्ययन करने में बिताएं तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर बीकानेर का नाम रोशन करें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थी मोबाइल का उपयोग कम से कम करें तथा किताबों का विस्तृत अध्ययन कर ज्ञान अर्जित करें। नियमित अध्ययन करने से ही सभी समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। इसलिए विद्यार्थी नियमित रूप से विषय से संबंधित अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करें। वाचनालय का निर्माण और मरम्मत कार्य के लिए डॉ कल्ला द्वारा विधायक निधि से 13 लाख रूपए की राशि जारी करवाई गई। लोकार्पण कार्यक्रम में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता नरेश जोशी, सहायक अभियंता चंद्र प्रकाश बोहरा, पार्षद दुर्गादास छंगाणी, भंवरलाल जोशी, चांदरतन छंगाणी, विनोद जोशी, बुलाकीदास किराडू, भंवरलाल जोशी, सुखदेव रंगा, विजय कुमार, शशि शेखर किराडू सहित अन्य नागरिक मौजूद थे।

राज्य कला पुरस्कारों की घोषणा

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा राज्य के दस कलाकारों की कलाकृतियों को पुरस्कृत किया जायेगा। अकादमी की 64वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल ने इन पुरस्कारों के लिए चयनितों की घोषणा की। पुरस्कार के लिए डॉ. अमिता राज गोयल (रिक्रियेटिंग नेचर-2), दिशांक शर्मा (स्मृति), महेश कुमार कुमावत (सनातन), शिखा (देयर ईज समथींग), सोम्य यादव (साइनम ऑफ सेल्फ), नकुल गोदारा (शेडो), अमर प्रजापत (जयपुर अरावली-1), प्रभुलाल गमेती (अनटाइडल्ड-2), उदित अग्निहोत्री (किंगडम) तथा दीपिका रावजानी (लाइफ एण्ड डेथ) का चयन किया गया है। राजस्थान ललित कला आदमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि प्रदर्शनी के लिए राज्य भर से 169 कलाकारों की 505 चित्र एवं मूर्तिशिल्प प्राप्त हुई थी जिसमें से निर्णायक मण्डल ने प्रदर्शनी के लिये 64 कलाकारों की 78 कलाकृतियों का चयन किया हैं। इनमें पुरस्कृत कलाकृतियां भी सम्मिलित है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले दस कलाकारों को पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये नकद, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जायेंगे। निर्णायक मण्डल के सदस्य कलाविद् प्रो. भवानी शंकर शर्मा, दिलीप शर्मा, अभिजीत पाठक थे।

सड़क निर्माण का शिलान्यास

गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने 10 एलएनपी रोड से 8 एलएनपी की ढाणियों तक सड़क का लोकार्पण किया।

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने 73 लाख रुपए की लागत से 10 एलएनपी रोड से लेकर 8 एलएनपी की ढाणियों और रवि चौक से लेकर हनुमान चौक तक सड़क का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सड़कों का लोकार्पण और शिलान्यास करने पर क्षेत्रवासियों ने गौड़ का नागरिक अभिनंदन व सम्मान किया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक गौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा गंगानगर विधानसभा में सड़क शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। गंगानगर विधानसभा में अनेक विकास एवं निर्माण कार्य अभी तक करवाए गए हैं और विभिन्न निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। गौड़ ने कहा कि आज 49 लाख रूपए की लागत से 10 एलएनपी रोड से लेकर 8 एलएनपी की ढाणियों तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। इसी तरह पुरानी आबादी क्षेत्र में रवि चौक से लेकर हनुमान चौक तक 24 लाख रूपए की लागत से रिकारपेट सड़क का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि 73 लाख रुपये की लागत से सड़कें बनने से क्षेत्रवासियों को सुविधा होगी। उक्त सड़क बनने से हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास और लोकर्पण करने पर आमजन द्वारा विधायक गौड़ का फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर हेतराम बेनीवाल, श्रीगंगानगर पंचायत समिति उप प्रधान बृज मोहन यादव, सरपंच विद्या देवी, अमर सिंह यादव, संजय यादव, हरनीत सिंह, जेपी श्रीवास्तव, प्रेम नायक, आलोक स्वामी मौजूद थे।

नापासर के पास रोही में मिले युवक-युवती के शव

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर से एक युवक और एक युवती दो दिन पहले घर से निकले थे, जिनका शव नापासर के पास रोही में मिला। वहीं दीवार ढहने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

दोनों की शिनाख्त देर रात होने के बाद अब पोस्टमार्टम किया जा रहा है। दोनों एक साथ कैसे आये और दोनों की मौत कैसे हुई। पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। जिस लड़की की लाश मिली है, वो नाबालिग है। नाबालिग के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि उसकी बेटी दो दिन से लापता थी। वो गंगाशहर में ही रहने वाले राधेश्याम के साथ घर से निकल गई थी। तलाश करने पर नहीं मिली। गंगाशहर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई थी।

पुलिस ने ही पिता को फोन करके बताया कि राधेश्याम के साथ एक लड़की की लाश नापासर के पास मूंडसर की रोही में मिली है। जिस पर

- **नाबालिग लड़की दो दिन पहले राधेश्याम के साथ घर से चले गई थी**

भतीजे ने लड़की की पहचान कर ली। महज पंद्रह साल की इस लड़की के साथ 23 साल के राधेश्याम पुत्र हजारीराम भार्गव का शव मिला है। पुलिस ने दोनों के शव नापासर की मोर्चरी में रखवा दिए। सुबह पोस्टमार्टम शुरू हुआ है। पुलिस ने मर्ग दर्ज करने के साथ ही छानबीन शुरू कर दी है। रविवार रात तक पुलिस को किसी तरह की एफआईआर नहीं मिली।

दीवार ढहने से बुजुर्ग की मौत : मकान की दीवार गिरने से 75 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। बीकानेर में बारिश के चलते बुजुर्ग अपने जर्जर घर से बाहर आ रहा था तभी एक तरफ से दीवार उसी पर आ गिरी। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार तेलीवाड़ा के न्यारियों के मोहल्ले में रहने वाले 75 साल के गुलाम मोहम्मद बारिश के चलते घर से बाहर आ रहे थे। न्यारियों के मोहल्ले का ये मकान जर्जर स्थिति में था। इस दौरान मकान गिरने का डर था। लगातार दो दिन से हो रही बारिश के कारण बुजुर्ग रात में घर से बाहर निकल रहे थे कि अचानक एक दीवार उन पर ही आ गिरी।

बताया जा रहा है कि घर के अंदर रखा सामान बाहर ला रहे थे, तभी ये हादसा हो गया। सिर सहित शरीर के अनेक हिस्सों पर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें पीबीएम अस्पताल भी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शहर में बारिश के सीजन में मकान गिरने का सिलसिला जारी रहता है।

25 को भरेगा बाबा रामदेव मेला

श्रीगंगानगर,(कासं)। बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर श्रीगंगानगर शहर के बाबा रामदेव मंदिरों में छप्पन भोग लगाया गया। बाबा रामदेव की दूज के उपलक्ष में विशेष आयोजन हुए। 25 सितम्बर को मेला भरेगा, जिसकी तैयारियां की जा रही है।

सूरतगढ़ रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर में गुब्बारों से विशेष सजावट की गई। ग्यारह पौंड के केक का भोग लगाया गया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेवादार जुटे रहे। श्रद्धालुओं के दर्शन करने, प्रसाद अर्पित करने, परिक्रमा करने के लिए अलग-अलग प्रबंध किये गए। नारियल चढ़ाने के लिए अलग से स्थान बनाया गया। जहां सूरतगढ़ रोड के बाबा रामदेव मंदिर में बाबा को विशेष भोग लगाया गया। वहीं मदन विहार के बाबा रामदेव मंदिर में बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। इसके अलावा शाम को शोभायात्रा भी निकाली गई। बाबा रामदेव की झांकी शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची।

गजेन्द्र सिंह के बयान से पुष्करणा समाज में रोष

बीकानेर,(कासं)। पुष्करणा समाज की शिरोमणी एवं भाजपा की वरिष्ठ नेता सूर्यकांता व्यास द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रशंसा के बयान पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के बयान की पुष्करणा समाज मां ने रोष व्यक्त करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया है।

राजस्थान पुष्टिकर यूथ विंग के अध्यक्ष बी. जी. बिस्सा ने कहा कि उनके बयान जिसमें उन्होंने कहा कि बड़ी उम्र में बच्चों के समान हो जाते हैं का हम विरोध करते हैं और उक्त बयान पर माफी मांगने के लिए कहा। बिस्सा ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री को पार्टी की वरिष्ठ नेता के लिए ऐसा बयान देना शोभा नहीं देता है। सूर्यकांता जोधपुर की सर्वमान्य नेता होने के साथ साथ पुष्करणा समाज की शिरोमणि है। अतः पुष्करणा समाज मंत्री गजेन्द्र सिंह के इस बयान की दौर निंदा करता है।

सूर्यकांता ने जो बयान दिया है वह कुछ सोच समझ कर ही दिया होगा।

- **भाजपा की वरिष्ठ नेता सूर्यकांता व्यास द्वारा गहलोत की प्रशंसा करने पर गजेन्द्र सिंह ने पलटवार किया था**
- **उनके बयान की पुष्करणा समाज ने कड़ी निंदा की है**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कई नीतियों की प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सार्वजनिक रूप से कर चुके हैं। इसलिए उनको ऐसा बयान देना छोटे मुंह बड़ी बात जैसा है और उन्हें इस बयान को वापस लेकर माफी मांगनी चाहिए।

बयान वापस नहीं लेने की स्थिति में पुष्करणा समाज उनकी बीकानेर यात्रा पर विरोध प्रदर्शन करेगा।

शिक्षकों की जयपुर में महापंचायत 28 को

बीकानेर, (कासं)। शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने से सम्पूर्ण शिक्षक समाज में भारी रोष है। संगठन की स्थाई समिति ने सरकार के खिलाफ हुंकार भरने राजधानी जयपुर में 28 सितम्बर को शिक्षकों की महापंचायत करने का निर्णय लिया।

शिक्षकों की वाज़िब मांगों को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा राज्य में प्रत्येक उप शाखा, जिला व संभाग स्तर तक पदयात्रा एवं प्रदर्शन किये गए एवं शिक्षकों की जायज मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए। संगठन के प्रदेश नेतृत्व द्वारा समय-समय पर राजस्थान सरकार के शिक्षा विभागीय अधिकारियों एवं शिक्षा मंत्री से वार्ता कर शिक्षकों की मांगों को लेकर ध्यान आकर्षित किया गया।

- **शिक्षकों की मांगों पर निर्णय नहीं लेने से रोष**

किन्तु उन मांगों में से अधिकांश पर गौर ही नहीं किया गया। संगठन के प्रदेशयाध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा ने बताया कि संगठन द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से निरंतर अवगत करवाने के उपरांत भी राज्य सरकार ने शिक्षकों की मांगों का सकारात्मक हल नहीं निकाला। जिससे महापंचायत कर हजारों शिक्षकों को सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करने मजबूर किया है। अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य ने कहा कि शिक्षा मंत्री स्तर पर, प्रमुख शासन सचिव स्तर पर वार्ता की गई लेकिन कोई सहमति नहीं बनी।

कापा व तलवार सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोतवाली पुलिस ने 4 घंटे के दौरान तीन युवकों को अवैध धारदार हथियारों के साथ पकड़ा। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

पहली कार्रवाई एएसआई धोलाराम ने केन्द्रीय बस स्टैंड के निकट की। आरोपी भांभू कॉलोनी निवासी सुखदेव सिंह पुत्र बचन सिंह को एक तलवार के साथ हंगामा करते को पकड़ा। दूसरी कार्रवाई हैड कांस्टेबल दर्शन सिंह ने सहयोग नगर में की। आरोपी पुरानी आबादी निवासी पवनकुमार पुत्र सतपाल को लोहे के धारदार कापे के साथ वारदात की फिराक में रैकी करते को गश्त के दौरान पकड़ा। केन्द्रीय बस स्टैंड चौकी प्रभारी एएसआई राकेश शर्मा ने बंटी पुत्र महेन्द्र सिंह को नेहरू पार्क के पास तलवार सहित पकड़ा।

क्रिकेट खेलकर लौटे रहे युवक की एक्सीडेंट में मौत

सूरतगढ़,(कासं)। सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे पर शाम को गांव सिलवानी के समीप ट्रक और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार एक जने की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक युवक गांव 15 एपीडी का निवासी था। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सदर थाना प्रभारी चंद्रभान चौधरी ने बताया कि गांव 15 एपीडी का निवासी संदीप (33) पुत्र रामप्रताप और उसका साथी बलकरण सिंह (23) पुत्र जसवंत सिंह दोनों

- **सिलवानी गांव के पास ट्रक ने बाइक सवार खिलाड़ी को टक्कर मारी**

गंगानगर सड़क मार्ग पर स्थित चक 28 पीबीएन में ओड समाज की ओर से आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में हिस्सा लेकर बाइक पर ही शाम के वक्त वापस अपने गांव जा रहे थे।

सिलवानी गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें खिलाड़ी संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना के बाद वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने घायल बलकरण सिंह को राजकीय चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं मृतक संदीप के शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। एसएचओ ने बताया कि इस संबंध में मृतक के भाई रवि कुमार पुत्र रामप्रताप की ओर से ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है।

महिला किसानों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता के बारे में जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक क्षेत्रों में आयोजित महिला प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान सोमवार को मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां हुई।

संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कैलाश चौधरी ने बताया कि यह शिविर महिला कृषक के कौशल विकास एवं क्षमता संवर्धन के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसी श्रंखला में बीकानेर के बींझासर और मूंडसर, श्रीडूंगरगढ के बाडेला, कोलायत के दियातरा, लूणकरणसर के ढाणी पांडूसर में सोमवार को ये शिविर हुए। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के सहायक कृषि अधिकारी ने महिला कृषकों को नई कृषि तकनीकी का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर महिला किसानों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता के बारे में बताया गया। मतदान की शपथ दिलवाई गई व मतदान में महिलाओं

कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक क्षेत्रों में आयोजित महिला कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।

की भागीदारी बढ़ाने का आव्हान किया गया। इन महिलाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और संशोधन के प्रपत्रों की गांधीनगर क्षेत्र के मतदाताओं ने सोमवार को ईवीएम-वीवीपीएटी की कार्यप्रणाली के बारे में जाना। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल के निर्देशानुसार चल रहे ईवीएम प्रदर्शन की श्रृंखला में

- **सहायक कृषि अधिकारी ने महिला कृषकों को नई कृषि तकनीकी का प्रशिक्षण दिया**

यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक मतदाताओं ने मॉक पोल किया और डेढ़ सौ लोगों ने ईवीएम की कार्यप्रणाली के बारे में जाना।

एमएमटी बजरंग जाट तथा स्वीप प्रकोष्ठ के गोपाल जोशी ने इस दौरान मतदान के महत्व के बारे में बताया तथा निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस पर की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में पाटा चौपाल में शहरवासियों को आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

घर के बाहर से बच्ची को उठा ले गया, पुलिस ने पकड़ा

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले के नोहर कस्बे में बच्ची के अपहरण की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना कस्बे के वार्ड नंबर 6 की है। गनीमत रही कि पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बच्ची को बरामद कर लिया।

घटना की जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर मुंशी खान मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को ढूंढ निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 6 में आरिफ की साढे तीन वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेल रही थी। बच्ची अचानक खेलते खेलते गायब हो गई। काफी ढूंढने के बाद भी बच्ची नहीं मिलने पर परिवार जनो ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बच्ची की तलाश शुरू की। पुलिस ने कई जगह सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस को जानकारी मिली कि एक युवक पैदल ही बच्ची को गोद में उठाकर ले जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने तलाश की तो सोनडी गांव से बच्ची को बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मौके पर से सोनडी निवासी प्रताप सिंह को पूछताछ के लिए पकड़ा है।

बच्ची के सकुशल मिल जाने पर पुलिस और परिवारजनों ने राहत की सांस ली। सब इंस्पेक्टर मुंशी खान ने बताया कि इस मामले में बच्ची के पिता आरिफ की सूचना पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

नाम परिवर्तन

मैं सालगराम गहलोत निवासी भीनासर(बीकानेर)मेरे पुत्र भरत गहलोत के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम सालगराम व मेरी पत्नि का नाम रामप्यारी दर्ज है जो गलत है। मेरा सही नाम सालगराम गहलोत व पत्नि का नाम रामप्यारी देवी है। भविष्य में मुझे सालगराम गहलोत व मेरी पत्नि को रामप्यारी देवी के नाम से ही जाना पहचाना जावें।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email - uit_sgnr@yahoo.com
Office Add. - UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक - नियोजन/2023/1063 **विज्ञप्ति** **दिनांक - 14-09-2023**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यास योजना सद्भावना नगर के आवासीय भूखण्ड सं. 3-ई-21 माप 43'-9'' गुणा 69'-0'' फीट का आवासीय पट्टा सं. 206 दिनांक 17.01.2018 द्वारा श्री नरेन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामेश्वरदत शर्मा के नाम से जारी है। श्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा भूखण्ड माप 43'-9'' गुणा 69'-0'' फीट आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में उक्त आवेदित भूमि का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय दर्शाया गया है। आवेदक द्वारा मास्टर प्लान में प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय भू-उपयोग में वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु ज्यास में आवेदन किया है।

नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11(8)नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। - **सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**